रोल नंबर | परीक्षण पुस्तिका | परीक्षण पुस्तिका क्र० **3116661**

**IB266D**

परीक्षण पुस्तिका कोड : **I**

# हिन्दी (HINDI)

परीक्षार्थी का नाम :

परीक्षार्थी के हस्ताक्षर :

**समय : 2 घण्टे** | **अधिकतम अंक : 100**

## परीक्षार्थियों के लिए सामान्य निर्देश

1. आपको ओ० एम० आर० (ऑप्टिकल मार्क रिकॉग्निशन) उत्तर-पत्रिका के साथ-साथ एक **16** पृष्ठों की परीक्षण पुस्तिका दी गई है। इस परीक्षण पुस्तिका में क्रमवार, **1** से **80** संख्या तक, **80** प्रश्न दिए गए हैं। **परीक्षण पुस्तिका के पृष्ठों की गिनती कर लें और सुनिश्चित करें कि वे सही क्रम में हैं तथा परीक्षण पुस्तिका एवं ओ० एम० आर० उत्तर-पत्रिका की क्रम संख्या एवं कोड एक समान हैं। यदि परीक्षण पुस्तिका व ओ० एम० आर० उत्तर-पत्रिका में बेमेल/त्रुटि/विसंगति हो, तो अपने निरीक्षक को वापस करके उसके स्थान पर सही परीक्षण पुस्तिका एवं ओ० एम० आर० उत्तर-पत्रिका लें।**
2. निम्नांकित उदाहरण के अनुसार प्रश्नों के उत्तर केवल ओ० एम० आर० उत्तर-पत्रिका में ही दें। परीक्षार्थियों को ओ० एम० आर० उत्तर-पत्रिका में उचित स्थान पर अपने उत्तर दर्शाने होंगे। ओ० एम० आर० उत्तर-पत्रिका के पृष्ठ-1 पर दिए गए निर्देशों के अनुसार प्रत्येक प्रश्न के लिए केवल एक वृत्त को ही काला करें।
3. प्रत्येक प्रश्न के लिए **चार** संभावित उत्तर दिए गए हैं, जिनमें से केवल **एक** उत्तर **सही** है। परीक्षार्थियों को सही उत्तर चुनकर, चुने गए उत्तर के संगत वृत्त को काला करना होगा। उदाहरणार्थ, यदि प्रश्न सं० **37** के लिए आपका उत्तर (C) है, तो Ⓒ के अंतर्गत वृत्त को ठीक वैसा ही काला करें जैसा कि नीचे दर्शाया गया है :

| **Q. No.** | **RESPONSE** |
|---|---|
| **37.** | Ⓐ Ⓑ ● Ⓓ |

4. ओ० एम० आर० उत्तर-पत्रिका में लिखने के लिए केवल नीले/काले बॉल-प्वाइंट पेन का ही उपयोग करें। परीक्षार्थियों को अपना बॉल-प्वाइंट पेन लाना होगा। **पेंसिल का उपयोग सख्त रूप से वर्जित है।**
5. परीक्षा की अवधि 11:30 a.m. से 01:30 p.m. तक दो घंटों की होगी और इसमें तीन खण्ड होंगे जिसमें केवल वस्तुनिष्ठ प्रकार के प्रश्न होंगे।
6. **'दिव्यांग छात्रों' के लिए अतिरिक्त 40 मिनट दिए जाएँगे।**
7. प्रत्येक परीक्षार्थी को सभी तीनों खण्डों की एक परीक्षण पुस्तिका दी जाएगी।
8. निम्न ब्यौरों के अनुसार **100** अंकों के **80** प्रश्न होंगे। 11:15 a.m. से 11:30 a.m. तक निर्देश पढ़ने के लिए **15** मिनट का अतिरिक्त समय दिया जाएगा :

| परीक्षण का प्रकार | खण्ड | प्रश्नों की संख्या | अंक |
|---|---|---|---|
| मानसिक योग्यता परीक्षण | खण्ड—I | 1 से 40 = 40 प्रश्न | 50 |
| अंकगणित परीक्षण | खण्ड—II | 41 से 60 = 20 प्रश्न | 25 |
| भाषा परीक्षण | खण्ड—III | 61 से 80 = 20 प्रश्न | 25 |
| | **कुल योग** | **80** | **100** |

9. सभी प्रश्नों के उत्तर देने होंगे। प्रत्येक प्रश्न के लिए समान अंक होंगे।
10. आपको प्रत्येक खण्ड में क्वालीफाई करने के लिए प्रत्येक खण्ड का उत्तर देना होगा।
11. **खण्ड—I** में **दस** भाग हैं। प्रत्येक भाग के लिए अलग-अलग निर्देश दिए गए हैं।
12. ओ० एम० आर० उत्तर-पत्रिका में ओवरराइटिंग, स्ट्राइकिंग, कटिंग, श्वेत/करेक्शन तरल का उपयोग तथा मिटाने की अनुमति नहीं है। इस प्रकार के उत्तरों का मूल्यांकन नहीं किया जाएगा। ओ० एम० आर० उत्तर-पत्रिका में अलग से कोई चिह्न न लगाएँ। ओ० एम० आर० उत्तर-पत्रिका में एक बार उत्तर चिह्नित करने के बाद उस पर कोई बदलाव नहीं किया जाना चाहिए।
13. ओ० एम० आर० उत्तर-पत्रिका में कच्चा कार्य नहीं किया जाना चाहिए। **कच्चे कार्य** के लिए परीक्षण पुस्तिका की पृष्ठ संख्या **16** का उपयोग करें।
14. प्रत्येक **30** मिनट पर घंटी बजाई जाएगी।
15. किसी भी प्रकार की ऋणात्मक मार्किंग नहीं की जाएगी।


## खण्ड—I

## मानसिक योग्यता परीक्षण

### भाग—1


**निर्देश :** प्रश्न संख्या **1** से **4** में, प्रत्येक प्रश्न में चार चित्र (A), (B), (C) और (D) दर्शाए गए हैं। इन चार चित्रों में से तीन चित्र किसी विधि से एकसमान हैं, जबकि एक चित्र अन्य से भिन्न है। अन्य से भिन्न चित्र का चयन करें। अपने उत्तर को दर्शाने के लिए ओ० एम० आर० उत्तर-पत्रिका में प्रश्न की संगत संख्या के सामने वाले वृत्त को काला करें।

**1.**




(A) (B) (C) (D)

**2.**




(A) (B) (C) (D)

**3.**



(A) (B) (C) (D)

**4.**



(A) (B) (C) (D)

NAVODAYA TIPS & STUDY


नवोदय–सैनिक 2027-28

1 जनवरी से शुरू

# BASIC CLASS

Hindi Medium

## गणित एवं रिजनिंग LIVE BATCH




**For Class 3rd, 4th & 5th**
**(Live + Recorded Class)**
**30 Practice Paper Book (Home Delivery)**

**Contact Now. 7999941048**


**Starting At = 499/-**

1 जनवरी 2026 से क्लास प्रारंभ - जून 2026 तक। (अभी संपर्क करें) 7999941048


## भाग—2


**निर्देश :** प्रश्न संख्या **5** से **8** में, बाईं ओर एक प्रश्न चित्र दिया गया है तथा दाईं ओर (A), (B), (C) और (D) से चिह्नित चार उत्तर चित्र दिए गए हैं। उत्तर चित्रों में से प्रश्न चित्र के समरूप चित्र को चुनें तथा अपने उत्तर को दर्शाने के लिए ओ० एम० आर० उत्तर-पत्रिका में प्रश्न की संगत संख्या के सामने वाले वृत्त को काला करें।


प्रश्न चित्र | उत्तर चित्र


**5.** 



(A)



(B)


(C)



(D)


**6.** 



(A)



(B)



(C)



(D)


**7.** 



(A)



(B)



(C)



(D)

**8.** 


(A)


(B)




(C)


(D)



NAVODAYA TIPS & STUDY

**निर्देश :** प्रश्न संख्या **9** से **12** में, बाईं ओर एक प्रश्न चित्र दिया गया है, जिसका एक भाग लुप्त दर्शाया गया है। दाईं ओर दिए गए उत्तर चित्र (A), (B), (C) और (D) पर गौर करें तथा उस उत्तर चित्र का पता लगाएँ जिसको **बिना दिशा परिवर्तन** के प्रश्न चित्र के पैटर्न को पूरा करने के लिए प्रश्न चित्र के लुप्त भाग में बिठाया जा सके। अपने उत्तर को दर्शाने के लिए ओ० एम० आर० उत्तर-पत्रिका में प्रश्न की संगत संख्या के सामने वाले वृत्त को काला करें।



प्रश्न चित्र | उत्तर चित्र

**9.**  



(A) (B) (C) (D)

**10.**  

(A) (B) (C) (D)

**11.**  

(A) (B) (C) (D)

**12.**  


(A) (B) (C) (D)

NAVODAYA TIPS & STUDY

**निर्देश :** प्रश्न संख्या **13** से **16** में, बाईं ओर तीन प्रश्न चित्र दर्शाए गए हैं तथा चौथे चित्र के लिए स्थान छोड़ा गया है। प्रश्न चित्र श्रेणीक्रम में हैं। श्रेणीक्रम को पूरा करने के लिए दाईं ओर उपलब्ध उत्तर चित्रों में से एक चित्र का चयन करें जिसे बाईं ओर दिए गए प्रश्न चित्र के खाली स्थान में प्रतिस्थापित किया जा सके। अपने उत्तर को दर्शाने के लिए ओ॰ एम॰ आर॰ उत्तर–पत्रिका में प्रश्न की संगत संख्या के सामने वाले वृत्त को काला करें।


प्रश्न चित्र | उत्तर चित्र

**13.**




(A) (B) (C) (D)

**14.**




(A) (B) (C) (D)

**15.**



(A) (B) (C) (D)

**16.**





(A) (B) (C) (D)

NAVODAYA TIPS & STUDY

**निर्देश :** प्रश्न संख्या **17** से **20** में, प्रत्येक प्रश्न में दो प्रश्न चित्रों के दो सेट दिए गए हैं। दूसरे सेट में एक प्रश्न चिह्न (?) है। प्रथम सेट के दो प्रश्न चित्रों में एक निश्चित सम्बन्ध है। इसी तरह का सम्बन्ध दूसरे सेट के तीसरे तथा चौथे प्रश्न चित्र में भी होना आवश्यक है। उत्तर चित्रों में से उस चित्र का चयन करें जो प्रश्न चिह्न को प्रतिस्थापित करेगा। अपने उत्तर को दर्शाने के लिए ओ० एम० आर० उत्तर-पत्रिका में प्रश्न की संगत संख्या के सामने वाले वृत्त को काला करें।

प्रश्न चित्र | उत्तर चित्र

17. 
(A) (B) (C) (D)

18. 
(A) (B) (C) (D)

19. 
(A) (B) (C) (D)


20. 
(A) (B) (C) (D)

NAVODAYA TIPS & STUDY

**निर्देश :** प्रश्न संख्या **21** से **24** में, प्रश्न चित्र के रूप में ज्यामितीय चित्र (त्रिभुज, वर्ग, वृत्त) के एक भाग को बाईं ओर दर्शाया गया है तथा दाईं ओर दूसरे भाग को चार उत्तर चित्रों के रूप में (A), (B), (C) और (D) से दर्शाया गया है। दाईं ओर के चित्रों में से ज्यामितीय चित्र को पूर्ण करने वाले चित्र को ज्ञात करें। अपने उत्तर को दर्शाने के लिए ओ० एम० आर० उत्तर-पत्रिका में प्रश्न की संगत संख्या के सामने वाले वृत्त को काला करें।

| प्रश्न चित्र | उत्तर चित्र |
|---|---|

**21.** 



(A) (B) (C) (D)

**22.** 




(A) (B) (C) (D)

**23.** 



(A) (B) (C) (D)

**24.** 




(A) (B) (C) (D)

NAVODAYA TIPS & STUDY


निर्देश : प्रश्न संख्या **25** से **28** में, बाईं ओर एक प्रश्न चित्र दर्शाया गया है तथा दाईं ओर (A), (B), (C) और (D) से चिह्नित चार उत्तर चित्र दर्शाए गए हैं। किसी दर्पण को $XY$ के अनुदिश रखे जाने पर प्रश्न चित्र के सही दर्पण प्रतिबिम्ब को उत्तर चित्रों में से चुनें। अपने उत्तर को दर्शाने के लिए ओ० एम० आर० उत्तर-पत्रिका में प्रश्न की संगत संख्या के सामने वाले वृत्त को काला करें।

प्रश्न चित्र    उत्तर चित्र


**25.**





**26.**




**27.**






**28.**






NAVODAYA TIPS & STUDY

**निर्देश :** प्रश्न संख्या **29** से **32** में, बाईं ओर प्रश्न चित्र में दर्शाए अनुसार कागज के एक टुकड़े को मोड़कर पंच किया गया तथा दाईं ओर (A), (B), (C) और (D) से चिह्नित चार उत्तर चित्र दर्शाए गए हैं। कागज के टुकड़े की तह को खोलने पर वह जिस प्रकार दिखेगा वैसा ही चित्र उत्तर चित्रों में से चुनें। अपने उत्तर को दर्शाने के लिए ओ० एम० आर० उत्तर-पत्रिका में प्रश्न की संगत संख्या के सामने वाले वृत्त को काला करें।



प्रश्न चित्र | उत्तर चित्र

**29.**  



(A) (B) (C) (D)

**30.**  

(A) (B) (C) (D)

**31.**  

(A) (B) (C) (D)


**32.**  


(A) (B) (C) (D)

NAVODAYA TIPS & STUDY


**निर्देश :** प्रश्न संख्या **33** से **36** में, बाईं ओर एक प्रश्न चित्र दिया गया है तथा दाईं ओर (A), (B), (C) और (D) से चिह्नित चार उत्तर चित्र दर्शाए गए हैं। उत्तर चित्रों में से उस चित्र का चयन करें जिसे प्रश्न चित्र में उपलब्ध कट-आउट टुकड़ों से बनाया जा सकता हो। अपने उत्तर को दर्शाने के लिए ओ० एम० आर० उत्तर-पत्रिका में प्रश्न की संगत संख्या के सामने वाले वृत्त को काला करें।


प्रश्न चित्र | उत्तर चित्र

**33.** 





(A) (B) (C) (D)

**34.** 





(A) (B) (C) (D)

**35.** 



(A) (B) (C) (D)

**36.** 




(A) (B) (C) (D)


NAVODAYA TIPS & STUDY

**निर्देश :** प्रश्न संख्या **37** से **40** में, बाईं ओर एक प्रश्न चित्र दिया गया है तथा दाईं ओर (A), (B), (C) और (D) से चिह्नित चार उत्तर चित्र दर्शाए गए हैं। उत्तर चित्रों में से उस चित्र को चुनें जिसमें प्रश्न चित्र छिपा/सम्मिलित है। अपने उत्तर को दर्शाने के लिए ओ० एम० आर० उत्तर-पत्रिका में प्रश्न की संगत संख्या के सामने वाले वृत्त को काला करें।

प्रश्न चित्र | उत्तर चित्र

**37.**






(A) (B) (C) (D)


**38.**






(A) (B) (C) (D)

**39.**






(A) (B) (C) (D)

**40.**





(A) (B) (C) (D)

NAVODAYA TIPS & STUDY

## अंकगणित परीक्षण

**निर्देश :** प्रत्येक प्रश्न के लिए **चार** संभावित उत्तर दिए गए हैं, जिन्हें (A), (B), (C) और (D) क्रम दिया गया है। इनमें से केवल **एक** उत्तर ही **सही** है। सही उत्तर चुनें तथा अपने उत्तर को दर्शाने के लिए ओ० एम० आर० उत्तर-पत्रिका में प्रश्न की संगत संख्या के सामने वाले वृत्त को काला करें।

**41.** 1 और 11 के मध्य कितनी अभाज्य संख्याएँ हैं?

(A) 5 (B) 4

(C) 6 (D) 3

**42.** 999 और 9999 का गुणनफल है :

(A) 999999 (B) 999001

(C) 9989001 (D) 899991

**43.** 0·2 तथा 0·03 का गुणनफल है :

(A) 0·006 (B) 0·06

(C) 0·6 (D) 6

**44.** 64 के सभी गुणनखंडों का योगफल है :

(A) 125 (B) 126

(C) 127 (D) 128

**45.** 20 और 30 का सबसे बड़ा सार्व गुणनखंड है :

(A) 5 (B) 8

(C) 10 (D) 25

**46.** निम्नलिखित को सरल करने पर प्राप्त होता है :

$$6{\cdot}082 + 60{\cdot}82 + 608{\cdot}2 - 0{\cdot}6082$$

(A) 674·102

(B) 674·4938

(C) 675·1022

(D) 675·5916

**47.** $0{\cdot}1 \times 0{\cdot}1 \times 0{\cdot}1$ बराबर है :

(A) 0·1 (B) 0·001

(C) 0·01 (D) 1·000

**48.** $\frac{3}{2} \div \frac{3}{2} \times 2 + \frac{3}{2}$ बराबर है :

(A) 2 (B) 6

(C) $\frac{7}{2}$ (D) $\frac{2}{7}$

**49.** $\frac{999}{1000}$ का दशमलव रूप है :

(A) 0·0999 (B) 9·99

(C) 0·999 (D) 0·00999

**50.** 0·238 भिन्न के रूप में है :

(A) $\frac{119}{500}$ (B) $\frac{238}{25}$

(C) $\frac{119}{25}$ (D) $\frac{119}{50}$

**51.** 100 $cm^2$ को $m^2$ (वर्ग मीटर) में बदलने पर प्राप्त होता है :

(A) 0·1 $m^2$

(B) 0·01 $m^2$

(C) 1 $m^2$

(D) 10 $m^2$

कच्चे कार्य के लिए जगह

52. एक रेलगाड़ी दिल्ली से जयपुर के लिए प्रातः 10:45 पर चलती है तथा जयपुर सायं 3:30 पर पहुँच जाती है। यात्रा का समय है :

(A) 7 घंटे 15 मिनट

(B) 4 घंटे 45 मिनट

(C) 4 घंटे 30 मिनट

(D) 2 घंटे 15 मिनट

53. दिए गए व्यंजक में लुप्त संख्या है :

$58394 - 86 - 86 = ______ \times 86$

(A) 677 (B) 678

(C) 680 (D) 681

54. एक डिब्बे में 500 अंडे थे। उनका $\frac{3}{25}$ भाग टूटा हुआ निकला तथा कुल का $\frac{1}{5}$ भाग मेहमानों के लिए रखना है। उपयोग किए जा सकने वाले अंडों की संख्या है :

(A) 60 (B) 100

(C) 340 (D) 440

55. एक दुकानदार ने ₹ 200 की एक दीवार घड़ी खरीदी और उसे ₹ 40 के लाभ के साथ बेच दिया। उस दीवार घड़ी का विक्रय मूल्य है :

(A) ₹ 220 (B) ₹ 230

(C) ₹ 240 (D) ₹ 250

56. एक फल विक्रेता ने ₹ 1,500 के सेब खरीदे और उन्हें अपनी दुकान पर लाने के लिए ₹ 100 खर्च किए। उसने यह सेब कुल ₹ 2,236 में बेचे। उसने कितना लाभ अर्जित किया?

(A) ₹ 630 (B) ₹ 636

(C) ₹ 640 (D) ₹ 642

57. एक पंचभुज, जिसका परिमाप 80 cm तथा उसकी चार भुजाओं की लंबाइयों का योगफल 63 cm है, की पाँचवीं भुजा की लंबाई है :

(A) 12 cm (B) 13 cm

(C) 15 cm (D) 17 cm

58. एक सम्पूर्ण कोण बराबर होता है :

(A) 1 समकोण

(B) 2 समकोण

(C) 3 समकोण


(D) 4 समकोण

59. एक आयत के सभी अन्तःकोणों का योगफल होता है :

(A) 360° (B) 90°

(C) 270° (D) 180°

60. 115 परिवारों के सर्वे में अंकित किया गया कि प्रत्येक परिवार में कितने बच्चे हैं। इन आँकड़ों को दंड ग्राफ द्वारा दर्शाया गया है। दंड ग्राफ से उन परिवारों की संख्या जिनमें कोई बच्चा नहीं है, है :




(A) 10 (B) 20

(C) 25 (D) 40

कच्चे कार्य के लिए जगह

NAVODAYA TIPS & STUDY

## खण्ड—III

### भाषा परीक्षण

**निर्देश :** इस खण्ड में **चार** अनुच्छेद हैं। प्रत्येक अनुच्छेद पर **पाँच** प्रश्न हैं। प्रत्येक अनुच्छेद को सावधानी से पढ़ें और उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दें। प्रत्येक प्रश्न के लिए **चार** संभावित उत्तर दिए गए हैं, जिनकी क्रम संख्या (A), (B), (C) और (D) है। इनमें से केवल **एक** उत्तर ही **सही** है। सही उत्तर चुनें तथा अपने उत्तर को दर्शाने के लिए ओ० एम० आर० उत्तर-पत्रिका में प्रश्न की संगत संख्या के सामने वाले वृत्त को काला करें।

#### अनुच्छेद—1

फूल हमारे लिए अनेक रूपों में उपयोगी हैं। फूल अनेक रंगों और आकृतियों के होते हैं। वे सौंदर्य के प्रतीक हैं। फूलों का उपयोग धार्मिक पूजा में होता है। प्यार और सराहना का प्रदर्शन करने के लिए फूलों के गुलदस्ते दिए जाते हैं। फूलों के हार बनाए जाते हैं और देवताओं को सजाने के लिए तथा महान लोगों के सम्मान के लिए उनका उपयोग किया जाता है। अपने रहने के वातावरण में सुंदरता बढ़ाने के लिए फूलों को फूलदानों में सजाया जाता है।

फूलों के व्यावहारिक उपयोग भी हैं। इनका उपयोग इत्र, चाय और सौंदर्य प्रसाधन के उत्पाद बनाने में किया जाता है। कुछ फूलों का उपयोग दवाइयों के रूप में होता है। संक्षेप में फूल महत्त्वपूर्ण हैं क्योंकि शरीर और मन पर उनका सकारात्मक प्रभाव पड़ता है।

**61.** फूल हमारे लिए अनेक रूपों में ______ हैं।

(A) प्रदान किए जाते
(B) उपयोगी होते
(C) बिक्री किए जाते
(D) हानिकारक होते

**62.** फूल ______ मिलते हैं।

(A) अनेक आकृतियों में
(B) अनेक रंगों में
(C) अनेक रंगों और आकृतियों में
(D) समान आकार में

**63.** फूलों के व्यावहारिक उपयोग हैं :

(A) चाय, इत्र और सौंदर्य प्रसाधन बनाना
(B) फूलदानों में सजाना
(C) हार बनाना
(D) प्रार्थना और पूजा करना

**64.** ______ फूलों का उपयोग दवाइयाँ बनाने में होता है।

(A) सब (B) कुछ
(C) रंगीन (D) छोटे

**65.** 'प्रभाव' शब्द का अर्थ है :

(A) बल (B) असर
(C) कार्य करना (D) चोट पहुँचाना

#### अनुच्छेद—2

सोनम दुकान पर प्रदर्शित नई साइकिल को गौर से देख रही थी। नई चमकीली लाल साइकिल को देखकर वह चकित थी। उसके पिता ने उसे देख लिया और कहा, ''आओ, हमें चलना चाहिए।'' सोनम ने साइकिल को आखिरी बार देखा और अपने पिता के पीछे चलने लगी। वह जब सोने गई तब भी चमकदार लाल साइकिल के बारे में ही सोच रही थी। अगले दिन स्कूल में वह अपने मित्रों से भी उसी के बारे में बातें करती रही। जब वह घर लौटी, तो उसने देखा कि एक नई साइकिल गेट के पास खड़ी है। वह खुशी से चिल्लाई और माँ को बुलाया। उसके माता-पिता मुस्कुराते हुए बाहर निकले और उन्होंने कहा कि यह उसके जन्मदिन का उपहार है और उसे साइकिल दे दी। सोनम बहुत प्रसन्न हुई और खुशी से माता-पिता के गले लग गई।

**66.** सोनम अपने ______ के साथ दुकान पर गई।

(A) चाचा (B) पिता
(C) भाई (D) मित्रों

**67.** सोनम दुकान पर चमकीली ______ साइकिल देखकर उसकी ओर आकृष्ट हुई।

(A) लाल (B) हरी
(C) पीली (D) काली

**68.** सोनम के माता-पिता ने उसे नई लाल साइकिल क्यों दी?

(A) उसके जन्मदिन के उपहार के रूप में।
(B) परीक्षा में उसकी सफलता के लिए।
(C) उसे पसंद होने के कारण।
(D) उसके पास कोई साइकिल नहीं थी।

**69.** सोनम ने अपनी प्रसन्नता व्यक्त की :

(A) अपने माता-पिता के गले लगकर।
(B) अपने माता-पिता को धन्यवाद देकर।
(C) साइकिल के चारों ओर दौड़कर।
(D) खुशी से उछलकर।

**70.** 'चकित थी' का आशय है :

(A) याद थी (B) विस्मित थी
(C) सदमे में थी (D) डरी हुई थी

## अनुच्छेद —3

राष्ट्रीय संग्रहालय, दिल्ली में मोटे शीशे के पीछे प्रदर्शित विश्व में सबसे प्रसिद्ध नर्तकी को अनदेखा नहीं किया जा सकता। मोहनजो-दड़ो की नृत्य करती लड़की कांस्य की बनी दुर्लभ कलाकृति है। हमारी स्कूली पाठ्य-पुस्तकें भी हमारी 5000 वर्ष प्राचीन विरासत के बारे में बताती हैं।

उसके बाएँ ऊपरी बाजू से लेकर अंगुलियों तक सीप, हाथीदाँत या पतली धातु की बहुत-सी चूड़ियाँ अलंकृत करती हैं। आधुनिक कला का नमूना एक-साथ तीन पेंडेंट वाला हार है और उसके दाएँ हाथ में कोहनी के ऊपर तथा कलाई पर कुछ चूड़ियाँ हैं।

वह निर्भीक मानवीय आत्मा का प्रदर्शन है और यह हमें याद दिलाती है कि हमारी इंद्रियों पर किसी कलाकृति का क्या प्रभाव पड़ता है।

**71.** 'नृत्य करती लड़की' को मोटे शीशे के पीछे बंद किया गया है, क्योंकि ______ ।

(A) यह दुर्लभ कलाकृति है
(B) वह बहुत प्रसिद्ध नर्तकी है
(C) इसे मूल्यवान रत्नों से सजाया गया है
(D) वह निर्भीक है

**72.** 'पेंडेंट' ______ का भाग है।

(A) चूड़ियों (B) हार
(C) कलाईबंध (D) कोहनी पर पहने कड़ों

**73.** कथन (i) और (ii) को पढ़िए और दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनिए :

(i) उसकी चूड़ियाँ सीप या पतली धातु से बनी हैं।
(ii) उसने हाथीदाँत से बना हार पहना है।

(A) (i) सत्य है, किंतु (ii) असत्य है।
(B) (ii) सत्य है, किंतु (i) असत्य है।
(C) (i) और (ii) दोनों सत्य हैं।
(D) (i) और (ii) दोनों असत्य हैं।

**74.** कौन-सा शब्द 'निर्भीक' का पर्याय **नहीं** है?

(A) डरपोक (B) निडर
(C) बहादुर (D) साहसी

**75.** 'कलाकृति' शब्द का अर्थ है ______ ।

(A) कला के बारे में तथ्य
(B) मनुष्य द्वारा बनाए गए कला के नमूने
(C) ज़मीन से खोदी वस्तुएँ
(D) कांस्य की मूर्तियाँ

## अनुच्छेद —4

आज विशाल पांडा केवल मध्य चीन के बाँस के जंगलों में और थोड़ी संख्या में तिब्बत में पाए जाते हैं। बाँस के वनों से उन्हें भोजन, शरण और सुरक्षा प्राप्त होती है। विशाल पांडा अपना अधिकांश समय बाँस के जंगलों में घूमने में और बाँस की कोंपलों को चबाने में व्यतीत करते हैं। क्योंकि वे केवल बाँस की कोंपलों को ही खाते हैं, वे भी अधिक मात्रा में, इसलिए उनके लिए पर्याप्त भोजन सदा नहीं मिलता।

बहुत अधिक शिकार किए जाने और उनके प्राकृतिक निवास स्थानों के नष्ट होने से वह सुंदर पशु विलोपन का सामना कर रहे हैं। उन्हें केवल चिड़ियाघरों में देखा जा सकता है, जहाँ विशाल पांडा की देखभाल सरल नहीं होती क्योंकि उन्हें खिलाने के लिए पर्याप्त भोजन प्राप्त करना कठिन होता है।

**76.** किसी चिड़ियाघर में विशाल पांडा की देखभाल कठिन क्यों है?

(A) चिड़ियाघर भीड़भाड़ वाली जगह है।
(B) चिड़ियाघर में उनके बच्चों की देखभाल कठिन है।
(C) उनके लिए पर्याप्त भोजन प्राप्त कराना कठिन है।
(D) पांडा शिकारियों से डरते हैं।

**77.** विशाल पांडा का मुख्य भोजन क्या है?

(A) बाँस के पेड़
(B) बाँस की कोंपलें
(C) बाँस की पत्तियाँ
(D) हरी पत्तियाँ और घास

**78.** यह सुंदर पशु विलुप्त क्यों होता जा रहा है?

(A) इनमें से अधिकांश को मनोरंजन के लिए चिड़ियाघरों में रखा जाता है।
(B) अत्यधिक शिकार करने और उनके प्राकृतिक निवास उजड़ जाने से।
(C) चीन में पर्याप्त बाँस के जंगल नहीं हैं।
(D) प्रायः ये पैदा होते ही मर जाते हैं।

**79.** निम्नलिखित शब्दों में से कौन-सा शब्द 'विशाल' का विपरीतार्थक है?

(A) बड़ा (B) विस्तृत
(C) लघु (D) लंबा

**80.** चिड़ियाघर वह स्थान है जहाँ ______ ।

(A) पक्षी पिंजरों में रखे जाते हैं
(B) पशु भोजन और विश्राम करते हैं
(C) बच्चे पशुओं का मनोरंजन करने जाते हैं
(D) पशु-पक्षियों को बाड़ों और पिंजरों में रखा जाता है


नवोदय–सैनिक 2027-28

1 जनवरी से शुरू

# BASIC CLASS

Hindi Medium

## गणित एवं रिजनिंग LIVE BATCH




**For Class 3rd, 4th & 5th**
(Live + Recorded Class)
**30 Practice Paper Book** (Home Delivery)

**Contact Now. 7999941048**

**Starting At = 499/-**

1 जनवरी 2026 से क्लास प्रारंभ - जून 2026 तक| (अभी संपर्क करें) 7999941048

कच्चे कार्य के लिए जगह

★★★